Regarding need to expedite pending railway projects and improving train services in Jamshedpur Parliamentary Constituency-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के अंतर्गत दो आरओबी (गोविंदपुर आरओबी तथा बारीगोड़ा आरओबी) का निर्माण केंद्र एवं राज्य सरकार के अंशदान से होना प्रस्तावित था, जिनका शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी तथा रेल मंत्री जी द्वारा किया गया था । किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार की इस परियोजना में रुचि नगण्य दिखाई देती है । इन दोनों ही क्रॉसिंग पर आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, जिसके कारण आम नागरिकों को बार-बार आंदोलन करने की स्थिति में आना पड़ता है । इसी प्रकार, केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत चाकुलिया?बहरागोड़ा?बुडामारा रेल सेक्टर तथा चांडिल?निमडी?बोडाम?काटीन?बंधवान से झारग्राम (127 किमी) रेल लाइन के कार्य का अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है । क्षेत्रीय विकास एवं यात्रियों की सुविधा हेतु इन परियोजनाओं का शीघ्र कार्यारंभ आवश्यक है । साथ ही टाटा नगर से जयपुर तथा टाटा नगर से बेंगलुरु के लिए नई रेल सेवाएँ शुरू की जाएँ, क्योंकि इन मार्गों पर बड़ी संख्या में यात्री नियमित यात्रा करते हैं । इसके अतिरिक्त चांडिल, कांड्रा एवं बीरीराजपुर स्टेशनों पर ट्रेनों को 3?4 घंटे अनावश्यक रूप से रोका जाता है, जबकि टाटा नगर की दूरी मात्र 20?25 मिनट है । इससे यात्रियों को गंभीर असुविधा होती है । अतः सरकार अनुरोध है कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए ।